हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

09 बिरधा में विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेले...



10 एसआईआर कार्यक्रम में मतदाता सूची में...



## खबर संक्षेप में

### कल भाजपा मंडल चौक बाजार में करेगा ध्वजारोहण

**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय चौक बाजार में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा प्रातः 8:30 पर ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश वाचन होगा। शिवाजी चौराहे पर प्रातः 8.45 पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पीलवास चौराहे पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समस्त ध्वजारोहण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर परिषद पर आयोजित होगा

**नलखेड़ा।** नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मुख्य समारोह नगर परिषद पर आयोजित होगा। जहां नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे। सोमवार को गणतंत्र दिवस पर नगर के विभिन्न स्कूलों में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस पर सभी ग्राम पंचायत एवं विकासखंड मुख्यालय के साथ ही शालाओं में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### गोमाता की पूजा-अर्चना कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

**सीहोर।** बसंत पंचमी पावन पर्व पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय भोपाल नाके पर विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, तुलसी राठौर, तनिष्क त्यागी, गजराज परमार सहित कार्यकर्ता एवं श्रद्धलुओं ने गौमाता का तिलक लगाकर और पुष्प माला श्रृंगार किया गया। गुड़, लापसी और हरा चारा खिलाकर जनमानस के लिये सुख-समृद्धि की कामना की एवं शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी एवं गौ माता की रक्षा के समर्थन में पूजन किया।

### गोकुल शर्मा के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालुगण

# सांवरिया सेठ का दरबार सजा, भक्ति आस्था और उल्लास में डूबा पूरा नगर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की पावन वर्षगांठ एवं हिंदू गौरव दिवस के अवसर पर सुसनेर नगर का बड़ा जीन परिसर गुरुवार की रात आस्था, भक्ति और उल्लास के महासागर में तब्दील हो गया। अवसर था सांवरिया सेठ की ऐतिहासिक भजन संध्या का, जिसने न केवल सुसनेर बल्कि पूरे अंचल में भक्ति का नया अध्याय लिख दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं सांवरिया सेठ की भव्य आरती से हुई। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा (राजस्थान) ने गणेश वंदना के साथ जैसे ही भजनों की मधुर धारा प्रवाहित की, वैसे ही पूरा परिसर जय सांवरिया सेठ के जयकारों से गूंज उठा। मंडफिया वाले सांवरिया सेठ पर आधारित भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते, गाते और नाचते नजर आए। भजन संध्या के दौरान करीब 5 क्विंटल पुष्पों की वर्षा की गई, जिससे पूरा परिसर फूलों की खुशबू और भक्ति के रंग में रंग गया। गोकुल शर्मा द्वारा प्रस्तुत ҈मेरी गाड़ी मेरा बंगला҈, ҈जिसको चाहिए काली गाड़ी҈, ҈नाम लिखो सांवरिया को҈ जैसे सुपरहिट भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे—हर कोई भक्ति में सराबोर नजर आया।

### 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक उपस्थिति

इस ऐतिहासिक आयोजन में सुसनेर सहित नलखेड़ा, सोयत एवं ग्रामीण अंचलों से 35 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इतनी विशाल और अनुशासित भीड़ ने इस आयोजन को वर्षों तक याद रखे जाने वाला बना दिया। भजन संध्या में विधायक भैरो सिंह बापू, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर सहित जिले भर के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### टीम सेवा सारथी की शानदार व्यवस्था, हर कोई रहा संतुष्ट

आयोजन समिति टीम सेवा सारथी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और अनुशासन के लिए अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की गईं। समिति के सदस्य रजनीश सेठी, राणा प्रथम पाल सिंह, विपिन लड्डा, अभिजीत बजाज, मयंक लड्डा, सौरभ ओसवाल, अंशुल जैन, धीरज जैन, हिम्मत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि — महिलाओं के लिए पृथक एवं सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुचारु यातायात व्यवस्था पेयजल, प्रकाश एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम स्वयंसेवकों द्वारा सतत निगरानी के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित और ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।

### भजन में झूमे पुलिसकर्मी वीडियो हुआ वायरल

कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी भजनों की धुन पर भक्ति में झूमते नजर आए। यह दृश्य सुरक्षा और भक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक बना, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। देर रात तक चली इस दिव्य भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के भाव में डूबे रहे। सुसनेर में आयोजित यह भजन संध्या न केवल धार्मिक आयोजन रही, बल्कि हिंदू एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बन गई।

### भगवान का आकर्षक श्रृंगार

# देव छठ पर देवधणी दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर से 3 किलोमीटर दूर देव सागर तालाब के समीप स्थित आस्था के केंद्र प्राचीन श्री देवधणी दरबार धाम देवनारायण भगवान के मंदिर पर देव छठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ऊंची पहाड़ी पर स्थित देवनारायण मन्दिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवछठ पर शनिवार को देवधणी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में नगर व आसपास के श्रद्धालु देवमहराज के दर्शन हेतु पहुंचे। भगवान देवनारायण मदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई थी। दोपहर 2:15 पर महाआरती पण्डाजी द्वारा की गई,आरती करीबन आधे घंटे तक चलती है आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

प्राकृतिक सौंदर्य और पहाड़ियों के ऊपर स्थित देवमहराज का मंदिर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी आस्था का केंद्र है। दूरदराज से लोग अपनी मन्नत लेकर देव महाराज के दर्शन करने के लिए आते हैं । प्रत्येक शनिवार को यहां बड़ी संख्या में भक्त देव महाराज के दर्शन करने व आरती में शामिल होने आते हैं।

### नगर व आसपास के मंदिरों में मना उत्सव

देवछठ पर समीपस्थ ग्राम नानूखेड़ी एवं शिवगड़ रोड़ स्थित देव डूंगरी पर भी देवनारायण महाराज भगवान का मन्दिर है जहां आकर्षण श्रृंगार कर आरती की गई। नगर में स्थित बजरंग मोहल्ला व गायरीसेरी में स्थित देव महाराज भगवान के मन्दिर पर आकर्षक श्रृंगार किया गया और दोपहर में महाआरती की गई।





# वन अमले ने अवैध लकड़ी भरा पिकअप वाहन पकड़ा



**नलखेड़ा।** वन विभाग द्वारा ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2 अंतर्गत रात्रि गश्ती के दौरान लकड़ी माफिया के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वनमंडलाधिकारी हेमलता शाह एवं उप वनमंडलाधिकारी फतेसिंह निनामा के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुसनेर चंदरसिंह पंवार के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। डिप्टी रेंजर पीरूलाल खाटकी के नेतृत्व में बीट प्रभारी नलखेड़ा संजय गौर एवं बीट प्रभारी धरोला देवराज सिंह सिसोदिया द्वारा रात्रि लगभग 9 बजे ग्राम लसुल्डिया जोड़ आमला नलखेड़ा रोड पर गश्ती के दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 43 जेडी 2893 को रोका गया। वाहन में खैर की अवैध लकड़ी भरी हुई पाई गई। वन अमले ने वाहन को जब्त कर वाहन चालक के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

# मंदिर-धर्मशाला निर्माण के लिए विधायक सुदेश राय को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने समाज के बहुप्रतीक्षित विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए विधायक सुदेश राय को ज्ञापन सौंपकर विधायक निधि से आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। यह ज्ञापन जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज सीहोर एक पिछड़ा एवं आर्थिक रूप से कमजोर समाज है। समाज के पास अब तक कोई स्थायी धार्मिक स्थल या धर्मशाला नहीं थी, जिससे सामाजिक, धार्मिक एवं संस्कारिक कार्यक्रमों का आयोजन सम्मानपूर्वक किया जा सके। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज द्वारा अंडर ब्रिज के पास मुरली क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नंबर 178, वार्ड नंबर 12, पटवारी हल्का नंबर 37 पर विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण का संकल्प लिया गया। निर्माण समिति अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा ने बताया कि समाज के लोगों ने सीमित साधनों के बावजूद तन-मन-धन से सहयोग कर भवन का फाउंडेशन कार्य पूर्ण कर लिया है। यह कार्य समाज की एकता, आस्था और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। हालांकि आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण आगे का निर्माण कार्य कठिन होता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज में विधायक सुदेश राय को समाज का सच्चा हितैषी माना जाता है।



समाज को पूर्ण विश्वास है कि विधायक निधि से सहयोग मिलने पर यह मंदिर एवं धर्मशाला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद समाजजनों के लिए सामाजिक उत्थान का माध्यम भी बनेगी। विधायक श्री राय ने अपने प्रति उत्तर में समाज के प्रतिनिधि मंडल को विधायक निधि से सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामगोपाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, मोहन विश्वकर्मा, बाला प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदुम्न विश्वकर्मा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### गुरुकुल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धि के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए




**नलखेड़ा।** वसंत पंचमी एवं गुरुकुल स्थापना दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल नलखेड़ा में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें उपस्थित अतिथिगणों द्वारा वाग्देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। उक्त समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धि के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा खेल जगत में विकासखंड स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी जीत का परचम लहराया गया, जिसमें छात्राएं भी पीछे नहीं रहीं। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों के लिए उन्हें भी पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सत्र 2024 -25 में कक्षा 5वीं, 8वीं , 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कार स्वरूप 1100 - 1100 रुपए के चेक प्रदान किए गए । साथ ही जिले की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले कक्षा 10वीं के छात्र वीर जैन पिता नाथूलाल जैन को ग्यारह हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया और वर्तमान सत्र की बोर्ड परीक्षाओं में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र छात्राओं के लिए भी विद्यालय समिति द्वारा घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नरेंद्र वेदिया द्वारा की गई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बीआरसी अरुण त्रिवेदी एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा एवं नाथूलाल जैन उपस्थित थे। जिनके कर कमलों द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अंत में अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### बोर्ड टॉपर्स के लिए घोषित की गई 5000 रुपए की इनाम राशि

# पीएम श्री हाईस्कूल धरोला में देशभक्ति की धूम विद्यार्थियों के मनमोहक नृत्य-गीतों ने बांधा समां






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में शनिवार को देशभक्ति और सांस्कृतिक उत्साह से भरा एक यादगार कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश बंसिया रहे, जबकि अध्यक्षता शाला प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश त्रिवेदी ने की।

सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ शुरू हुए इस भव्य आयोजन में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, लोकगीतों, भजनों और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाले गीतों पर आधारित मनोरम नृत्य प्रस्तुत किए। विशेष रूप से कक्षा 6 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य-गीत ₹पूजन करूं मैं मात-पिता का, निज संस्कृति अपनाऊं मैं₹ ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। देशभक्ति नृत्यों पर दर्शकों की तालियां लगातार गूंजती रहीं और पूरा माहौल देशप्रेम की लहरों से ओतप्रोत हो उठा। बच्चों की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर शिक्षकों एवं अतिथियों ने तत्काल कई पुरस्कारों की घोषणा की। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा शाला परिवार की ओर से की गई - पिछले वर्ष के सर्वोच्च अंकों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10 के प्रत्येक बोर्ड परीक्षार्थी को 5000 तथा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 500 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह प्रोत्साहन छात्रों में परीक्षा के प्रति नई ऊर्जा भरने वाला साबित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी शिक्षक हेमराज पाटीदार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया, जबकि आभार ज्ञापन शिक्षक गोपाल विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षकगण सुभाष दांगी, करणसिंह वर्मा, विशाल जैन, गिरिराज पाटीदार, पारस पाटीदार, बबीता बंसिया, गजराज सिंह सोनगरा, राकेश भिलाला सहित समस्त स्टाफ ने पूरे उत्साह से विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**देवास।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ₹माय इण्डिया, माय वोटर₹ है। जिसकी थीम ₹सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी₹ है। जिला स्तर पर आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग देवास, नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला मुख्यालय पर 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह देवास में पूर्वान्ह 11.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### भारत पर्व का आयोजन 26 की शाम को होगा

**देवास।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर सायं 06 बजे से मल्हार स्मृति मंदिर सभाकक्ष देवास में भारत पर्व कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, लोकनृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम के दौरान मल्हार स्मृति मंदिर देवास में जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। भारत पर्व आयोजन में अधिक से अधिक नागरिक शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मनाये।

### नेमावर में होगा निर्झरणी महोत्सव

**देवास।** जिले में नर्मदा जयंती के अवसर पर 25 जनवरी को जिला प्रशासन के सहयोग से संस्कृति विभाग द्वारा नेमावर में "निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन किया जाएगा। निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत 25 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे से नागरघाट, नेमावर (देवास) में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएगी।

### कलेक्टर ने नेमावर में निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

# नेमावर समूह जल प्रदाय योजना महत्वपूर्ण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें: कलेक्टर

अप्रैल तक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी लाया जाये ताकि सितम्बर-2026 तक नागरिकों को पानी उपलब्ध कराया जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार को नेमावर समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने पंपिंग यूनिट, इंटेकवेल, क्लोरीनेशन यूनिट अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजना की सम्पूर्ण कार्य प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी ली कि संयंत्र किस प्रकार कार्य करता है और पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया कैसे संचालित हो रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि नेमावर समूह जल प्रदाय योजना जिले की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों एवं कई गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें ताकि लाभार्थी ग्रामीणों को शीघ्र लाभ मिल सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों से योजना तहत कार्य में आ रही समस्या संबंधी जानकारी भी ली तथा समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंह ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने सातलाई में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट के सभी सेक्शनों का अवलोकन किया। उन्होंने इंजीनियरों से प्लांट के संबंध में संपूर्ण जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने इंजीनियरों से कार्य में आ रही समस्याओं के संबंधित जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि अप्रैल-2026 तक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी लाया जाये ताकि सितम्बर-2026 तक नागरिकों को पानी उपलब्ध कराया जा सकें। इस दौरान खातेगांव एसडीएम प्रवीण प्रजापति सहित जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

### सात ठेकेदारों को किया गया ब्लैक लिस्टेड

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सख्त कार्यवाही की गई है। कम्पनी द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत सात ठेकेदारों को गंभीर अनियमितताओं, अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन, कार्य में अत्यधिक विलंब तथा संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने के कारण ब्लैक लिस्टेड किया गया है। ब्लैक लिस्ट किए गए ठेकेदारों में तापी प्रीस्ट्रेस्ड प्रोडक्ट्स लिमिटेड और जैन इंजीनियरिंग वर्क्स, इंदौर सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग और मल्टी अर्बन इन्फ्रा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड,नागपुर एवं ओम कन्सट्रक्शन कम्पनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ब्रजमोहन शर्मा तथा लखनलाल गुप्ता टीकमगढ शामिल हैं। प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने कहा कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा संचालित योजनाएँ आमजन से सीधे जुड़ी हुई हैं, जिनमें गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कम्पनी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी ठेकेदारों को निर्धारित तकनीकी मानकों एवं अनुबंधीय शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा, अन्यथा नियमानुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# अवैध चंदन की लकड़ी चोरी व कटाई के प्रकरण में पुलिस ने की कार्रवाई

### 12 किलो लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को थाना पीपलरावा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डेहरिया बड़ली जंगल क्षेत्र में तीन व्यक्ति चोरी की अवैध चंदन की लकड़ी लेकर जाने की फिराक में खड़े हैं। सूचना की तस्दीक पर थाना पीपलरवां पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दी गई, जहां से तीन आरोपियों को मौके पर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई चंदन की लकड़ी बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना पीपलरावा में अपराध क्रमांक 24/2026, धारा 303(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने राजन उर्फ राजू पिता रूप सिंह धमधरा उम्र 38 ,घासीराम पिता भागीरथ धमधरा उम्र 25 ,राधेश्याम पिता रमेश धमधरा उम्र 32 सभी निवासी पीपलरांवा 12 किलोग्राम चंदन की लकड़ी जिसकी अनुमानित कीमत 20,000 रुपए के साथ गिरफ्तार किया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पीपलरवां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम, उनि विजेंद्र सिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक संजय जेवरिया, धर्मराज सिंह,वीरेंद्र शर्मा, कमल किशोर वर्मा, आरक्षक अजय मालवीय, अनिरुद्ध तथा थाना पीपलरवा का समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका में रहा।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देवास की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम में देर रात तक दूधिया रोशनी में चले वॉलीबॉल मैच में देवास बालक वर्ग ने मन्दसौर बालक वर्ग को हरा कर शानदार जीत दर्ज की। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास में आयोजित संभाग स्तरीय (जोनल) खेलों एम.पी.यूथ गेम्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में देवास ने मंदसौर को हरा कर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में देवास, उज्जैन, राजगढ, आगर-मालवा, शाजापुर, नीमच,मंदसौर तथा रतलाम जिले के लगभग 300 खिलाड़ी ने भाग लिया। देवास टीम के विवेकराज, आनंद, यश ने अपने शानदार खेल से सभी का दिल जीत लिया। बालिका वर्ग में मंदसौर ने रतलाम जिले की टीम को हरा कर जीत दर्ज की। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के पहले हुई फाइनल रिहर्सल



**देवास।** जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर होने वाले मुख्य समारोह की फायनल रिहर्सल की गई। रिहर्सल के अन्तर्गत मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर झंडा वंदन, परेड की सलामी आदि की रिहर्सल की गई। इस दौरान मुख्य समारोह की तैयारियों तथा विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर मुख्य समारोह मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह झंडावंदन कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्राफिक एच.एन. बाथम, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्कूल और उप जेल में लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी चिमनाबाई कन्या माध्यमिक विद्यालय देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने शासन द्वारा संचालित बालिका कल्याण से संबंधित योजना की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, राज्य शासन द्वारा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जागरूक किया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास से म.प्र.शासन द्वारा संचालित योजना अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना के बारे में भी जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक किया।

### उप जेल में लगा शिविर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में उप जेल बागली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने जानकारी दी कि बंदियों को उनके प्रकरण में अधिवक्ता न होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास से प्रकरण में पैरवी एवं अपील करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है।

बागली स्थित उप जेल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक उप जेल बागली एवं स्टॉफ उपस्थित था।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इकलेरा एवं नवांकुर संस्था मां गायत्री सेवा समिति सेमली बुजुर्ग सेक्टर हॉटपिपलिया इकलेरा के प्राथमिक स्कूल में संवाद एवं संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खो खो खेल की गतिविधियां करवाई गई और विजेता टीम को नगद पुरस्कार दिया गया। विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मोबाइल के दुरुपयोग एवं उसके दुष्प्रभावों के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सेंधव, मां गायत्री सेवा समिति सेमली बुजुर्ग और ब्लॉक समन्वयक प्रफुल्ल पाठक के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मेंटर्स अवधेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य जयराम पाटीदार ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया।कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार और सचिव विष्णु पाटीदार समिति के सदस्य सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अवधेश शर्मा और आभार विष्णु पाटीदार ने किया।

### एनएसयूआई की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, छात्र हितों पर हुआ मंथन

# आगामी रणनीति को लेकर एनएसयूआई प्रभारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एनएसयूआई की जिलास्तरीय बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई, जिसमें छात्र हितों पर मंथन किया गया। एनएसयूआई प्रभारी रवि दांगी ने एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान, कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, जितेन्द्र गौड़ की उपस्थिति में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, छात्रहित से जुड़े मुद्दों एवं एनएसयूआई की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी रवि दांगी ने कहा कि एनएसयूआई केवल एक संगठन नहीं, बल्कि छात्रों की आवाज़ है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह कॉलेज, स्कूल, कोचिंग स्तर तक छात्रों से जुड़े, और उन्हें एन एस यू आई से जोड़े और छात्रो को विश्वास दिलाए कि आप सरकार बदल सकते हैं। उनकी समस्याओं को सुने और उन्हें संगठन के माध्यम से समाधान तक पहुँचाए। उन्होंने कहा कि जब तक हर कार्यकर्ता सक्रिय होकर छात्रों के बीच नहीं पहुँचेगा, तब तक संगठन की मजबूती संभव नहीं है। एनएसयूआई की विचारधारा छात्रहित, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है, जिसे हर कार्यकर्ता को आत्मसात करना होगा। बैठक में आगामी समय में छात्र मुद्दों को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम, संगठन विस्तार एवं कॉलेज यूनिट को मजबूत करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कॉलेज के समय में किस प्रकार उन्होंने छात्र राजनीति के माध्यम से छात्रों की समस्याओं को उठाया और कई आंदोलनों व संघर्षों के जरिए छात्रों के हितों की रक्षा की। पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसयूआई छात्र राजनीति की सबसे मजबूत और संघर्षशील संस्था है, जिसने हमेशा युवाओं को नेतृत्व की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि संगठन के सिद्धांतों पर चले तो वह समाज और देश के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान जी ने देवास में संगठन द्वारा चलाए गए विभिन्न अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर के आसपास अवैध शराब बिक्री के खिलाफ एनएसयूआई ने आवाज उठाई और लगातार अभियान चलाया। वहीं जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह परिहार जी ने बताया कि एनएसयूआई देवास ने फीस बढ़ोतरी के विरोध में कई आंदोलन किए, जिसके परिणामस्वरूप अनेक छात्रों को फीस में छूट दिलाई गई।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, छात्र हितों के लिए संघर्ष जारी रखने तथा आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर छात्रों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी,राजा धाकड़ , पूर्व पार्षद सुजीत सांगते, रोहित राजपूत, दीपेश हारोडे , अरुण बराया, सुनील पाटीदार, अभिषेक चौहान,जफर खान , मंजीत ठाकुर , शुभम मालवीय, प्रिंस, राहुल ठाकुर , योगेश सोलंकी , मनोज बामनिया, अभय जोशी, नजर मंसूरी, वैभव पंडित, आदि उपस्थित थे।

# भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

भारतीय किसान संघ की तहसील स्तरीय बैठक कृषि मंडी हाटपीपल्या में मालवा प्रांत संगठन मंत्री दिनेश शर्मा की उपस्थिति में संपन हुई।सर्व प्रथम भगवान बलराम का पूजन किया गया। उसके पश्चात आगामी मालवा प्रांत इंदौर कार्यालय निर्माण को लेकर रुकी हुई राशि जल्द जमा करने पर चर्चा हुई। सरकार द्वारा घोषित 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदी हो। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो जो भी संगठन का निर्णय रहेगा आपको बताया जाएगा। उस रणनीति पर कार्य करना है । शर्मा ने बताया जो कई वर्षो से संगठन का काम कर रहे हैं वह अब समाधानी कार्यकर्ता बने। संघठन के जो पर्व हैं उनमें आगामी 26 जनवरी को भारत माता पूजन के कार्यक्रम सभी ग्राम समिति में आयोजित हो। बैठक में केदारमल पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष, चंपालाल मुकाती जिला सहमंत्री, हरीश मंडलोई जिला कि. सह सयोजक, माखन नाहर युवा कि.वा.संयोजक, रामनारायण यादव तह.अध्यक्ष, ओम मंडलोई तह.मंत्री राजपाल सिंह सेंधव,युवा किवा संयोजक, उमेश पाटीदार, सुरेश पाटीदार, ओम मुकाती, महेश मुकाती आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### निरंकारी सत्संग आज

**ललितपुर।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज द्वारा निरंकारी सत्संग का आयोजन संत निरंकारी शाखा मंडल ललितपुर (रजि.) द्वारा ब्रम्हज्ञानी संत डा.सुरेश (बांदा) के सानिध्य में आयोजित होगी। सत्संग की जानकारी देते हुए संयोजक बीरेंद्र कुमार एवं मीडिया सहायक मानसिंह ने बताया कि निरंकारी सत्संग का आयोजन 25 जनवरी 2026 रविवार को सुबह 10 से 12 बजे तक सन्त निरंकारी सत्संग भवन प्राथमिक विद्यालय के पास खिरक़ापुरा बाई पास रोड ललितपुर में किया जायेगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से सत्संग में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। सत्संग के बाद प्रसाद वितरण होगा।

### सहपाठी का सामान लिया वापस मांगने पर मारपीट

**ललितपुर।** सदर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला पुरानी बजरिया में रहने वाले सुभाष सिन्हा पुत्र चन्द्रगुप्त सिन्हा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र अंश सिन्हा मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में रहकर पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ महरौनी के ग्राम कुम्हैडी निवासी कार्तिक खरे पुत्र संतोष भी पढ़ता है। बताया कि बीते 6-7 माह पहले कार्तिक ने अंश को कुछ सामान में एयरबड्स, जैकेट, पावर बैंक ले लिया था, जो कि वापस नहीं दे रहा है। अंश के बार-बार मांगने पर कार्तिक ने सामान लौटाने के लिए अंश को महरौनी बुलाया और अंश के आने पर कार्तिक ने अपने दोस्त आयुष कुर्मी को सी.वी. गुप्ता ग्राउण्ड पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम का पूरा घटनाक्रम वीडियो में उसके पास सुरक्षित है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पैमाइश शुदा जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर के ग्राम तोर निवासी रामस्वरूप पुत्र भैयालाल लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी आराजी संख्या 458 नम्बर 213 रकवा 0.829 हे. जमीन की राजस्व टीम, पुलिस बल के समक्ष पैमाइश व पत्थर गडडी होने के बाद भी टपइयन (तोर) निवासी पहलवान उर्फ छोटे, पोटे व हरीसिंह पुत्र सूरज सिंह यादव फिर से खेत पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग दबंगई के चलते जमीन जबरन छीन रहे हैं और खेत की मेड तोड़कर उसकी फसल की जुताई कर फिर से फसल बो दी और पत्थर उखाड़ कर फेंक दिये। पीड़ित ने मौके पर जांच कराये जाने की गुहार लगायी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### संपत्ति के विवाद में महिला को पीटा

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम ककड़ारी में रहने वाली सीमा पत्नी दीपू रजक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे वह अपने खेत पर पानी लगाने गयी थी, तभी गांव के मैरू व कीरत पुत्रगण भूपत, सविता पत्नी मैरू व आशा पत्नी प्रदीप एकराय होकर आये और सम्पत्ति के विवाद को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट के ग्राम बुदावनी में रहने वाले सरदार सिंह पुत्र चरन सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 22 जनवरी की शाम 5 बजे वह घर के बाहर था, तभी गांव का सुनील पुत्र लाखन लोधी ने गालियां देते हुये मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### शासकीय कॉलेज में आयोजित किए कार्यक्रम

**नटेरन।** शासकीय महाविद्यालय नटेरन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ।

---

### 102वीं जयंती मनाई, विचार और संघर्ष को प्रेरणा व मार्गदर्शक बताया

# जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा : सेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. द्वारा जिला कार्यालय पर भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती मनायी गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार रहे। अध्यक्षता प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटा. रेलवे मण्डल भोपाल श्रीराम सेन एवं अध्यक्ष राकेश कुमार सेन रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन प्रत्येक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के उत्थान को समर्पित रहा है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 22 दिसम्बर 1970 के दौरान दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री रहते हुये उन्होंने अनेक कार्य किये, जिसमें 1978 में बिहार सरकार में आरक्षण लागू किया, जो ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य किये हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर में एक गांव पितोझिया, जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के पिताजी का नाम गोकुल ठाकुर व माता का नाम रामदुलारी देवी ठाकुर था। विशिष्ट अतिथि श्रीराम सेन रिटा. रेलवे भोपाल मण्डल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर आजादी के आंदोलन के समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय थे। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राकेश कुमार सेन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर समानता, सरलता और सिद्धांतों पर आधारित उनका जीवन वंचितों एवं शोषितों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और संघर्ष आज भी हमारे लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन की अमिट स्रोत बने हुये हैं। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान सुखलाल सेन, मोतीलाल नापित, भरतलाल सेन, राजेन्द्र कुमार सेन, कन्हैयालाल सेन, बालकिशन सेन, दुरजू प्रसाद सेन, घनश्यामदास सेन, हरीराम सेन, बद्रीप्रसाद सेन, प्रमोद कुमार सेन, विनोद कुमार नापित, गिरीश सविता, बृजेन्द्र सविता, राममूर्ति सविता, प्रकाश नारायण सेन, महेश कुमार सेन, मनीष याज्ञिक, रामबाबू याज्ञिक, पूरनलाल सेन, सुरेश कुमार सेन, मुन्नालाल सेन, रघुवीर सेन, राजेन्द्र सेन, हरगोविन्द सेन, रामसेवक सेन, सुरेन्द्र सेन आदि मौजूद रहे। संचालन दयाराम सेन ने व आभार प्रमोद कुमार सेन ने व्यक्त किया।

## समाजवादी राजनीति के प्रखर स्तम्भ थे जननायक ठाकुर : डा.दयाराम रजक




**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी ने समाजवादी विचारक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि भारत की समाजवादी राजनीति के प्रखर स्तम्भ, जननायक कर्पूरी ठाकुर ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की राजनीति को सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की मजबूत दिशा दी। वह सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे। कर्पूरी ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन में शोषित-वंचित वर्गों, पिछड़े समाज, दलितों और अल्पसंख्यकों के हक के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और आम जनता को राजनीति के केन्द्र में रखा। सामाजिक न्याय की उनकी सोच ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने पिछड़े वर्गों को राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक अवसर दिलाने के लिए निर्णायक कदम उठाए। आरक्षण और समान अवसर की उनकी नीति ने लाखों युवाओं को आगे बढने का रास्ता दिया, जिसका प्रभाव उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कर्पूरी ठाकुर की नीतियों और विचारधारा ने देश में समाजवादी आंदोलन को मजबूती दी और कई जननेताओं को प्रेरित किया। आज भी उनका जीवन संघर्ष, सादगी और जनहित में लिए गए फैसलों के लिए याद किया जाता है। उत्तर प्रदेश व देश की राजनीति में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में दिलशाद अली, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नगराध्यक्ष राम नरेश दुबे, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष उपेंद्र सेन, संतोष पेंटर, कौशल बरार आदि उपस्थिति थे।

### कृषि विभाग ने किया आयोजन

## बिरधा में विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेले में दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरधा,ललितपुर।

विकास खंड बिरधा सभागार में कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि मेले का आयोजन किया। विभाग से लगाये जा रहे कृषि मेलों का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि करने के निर्देश दिए गए साथ-साथ मेले में पशु विभाग, धानुका कंपनी और बीमा कम्पनी के कैम्प लगाए गए। साथ-साथ किसान नेताओं ने भी किसानों को जानकारी दी।

मेले का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर उन्हें जैविक खाद का उपयोग कर उन्नत खेती करने की जानकारी दी। कृषि रक्षा संबंधित रसायनों और जैविक खेती करने के निर्देश दिए। किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए कृषि बीज गोदाम से पचास प्रतिशत अनुदान पर बीज और दवाइयां लेने के बारे में बताया और जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा अस्सी प्रतिशत अनुदान पर किसानों तार फेंसिंग के बारे मे बताया। किसान नेता सुरेश ने कहा कि किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए खाद बीज और दवाइयां कृषि विभाग से खरीदे और अपनी फसल सरकार द्वारा एमएसपी रेट पर बेचे, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

किसानो द्वारा बीमा कंपनी के कर्मचारियों से किसान नाराज नजर आए। उन्होंने आरोप लगाए कि बीमा कंपनी द्वारा किसानों का बीमा बैंक द्वारा काटा तो जाता है, लेकिन उनको बीमा कंपनी द्वारा बीमा नहीं दिया जाता हैं। मेले में सुरेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता शब्बीर खान मंसूरी, लोकपाल सिंह, जगदीश कुशवाहा, एडीओ रामलखन सिसौदिया, गोदाम प्रभारी राहुल सिंह पटेल, अतुल राज, हेमंत साहू, ऋचा त्रिपाठी, अनामिका कटारे, प्रियंका मंगरोलिया सहित किसान मौजूद रहे।

### अविरल जैन बने युवा जिला संयुक्त महामंत्री

## बरगढ़ कस्बे के व्यापारी पुत्र के अपहरण और हत्या के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सतीश जैन ने युवा जिला महामंत्री राजीव सुडेले की संस्तुति पर युवा व्यापारी अविरल जैन को जिला युवा संयुक्त महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने जिला युवा संयुक्त महामंत्री के पद पर मनोनीत होने पर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर ने संगठन के रूप में निरंतर सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि जिस संगठन अथवा दल के पास युवा शक्ति होती है। वह संगठन अथवा दल के पास संघर्ष करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है, जिससे व्यापारियों के हितों की रक्षा अधिक से अधिक की जा सकती है। उन्होंने चित्रकूट के बरगढ़ कस्बे में व्यापारी पुत्र की अपहरण के बाद हत्या की घटना घटी है वह अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है, जिससे प्रदेश के व्यापारियों में शासन प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपहरण एवं हत्या के दोषियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किए जाने और कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग की। इस दुख की घड़ी में प्रदेश का संगठन पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर, महामंत्री अनिल जैन, महेश जैन, सतीश जैन, विजय, राजीव चौधरी, पवन जैन, अवनीश जैन, आई.टी.मंच जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया, रोहित जैन, राजीव सुडेले, शुभम जैन, दीपक चौधरी, लकी चौधरी, नीरज जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाए युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आत्महत्या की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शादी का झांसा देकर लम्बे समय तक युवती से शारीरिक सम्बन्ध बनाये जाने को लेकर एक एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस सम्बन्ध में शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखने वाले युवक पर धोखे से शारीरिक सम्बन्ध बनाने और उलाहना देने पर परिजनों के जरिए धमकाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में युवती ने बताया कि गोविन्दनगर में रहने वाला शाहरूख पठान पुत्र राजू विगत कई वर्षों से उसे शादी का झूठा आश्वासन देकर रिलेशन बनाये हुये है, जिस पर शाहरूख द्वारा उसके साथ कई बार शारीरिक सम्बन्ध भी बनाये थे।

आरोप है कि शाहरूख ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाये हुये हैं। जब भी युवती के लिए कोई शादी का रिश्ता आता था, तो शाहरूख पठान उसकी शादी के लिए आयु रिश्ते को तुड़वा देता था और जब वह उससे शादी करने की बात कहती तो वह आज-कल करके टालता रहा। युवती ने जब अपने परिजनों से पूरी बात बतायी तो परिजनों ने शाहरूख के पिता राजू, मां व उसके भाई आसू और दोस्त चौकाबाग निवासी दीपक सोनी से कहा तो आरोप है कि उक्त लोगों ने शाहरूख की शादी उससे न होने की बात कहते हुये धमकी दी। उक्त लोगों ने कहा कि यदि वह शादी करने के लिए अधिक दबाव बनायेगी तो वह आत्महत्या कर लेगा और उसे व उसके परिजनों को झूठे मामले में फंसा देगा, जिससे युवती अब मानसिक रूप से भी काफी परेशान है। युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### स्वजातीय बंधुओं की सहमति से किया चयन

## एडवोकेट दीपक सेन बनाए गए सेन समाज युवा जिलाध्यक्ष, फूलमाला पहना किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय कल्याण सिंह सभागार में आयोजित जन नायक कर्पूरी ठाकुर जन्मजयन्ती पर एड. दीपक सेन को समाज के प्रति पूर्व में किये गए सामाजिक कार्यो समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए सेन समाज के जिलाध्यक्ष शोभाराम सेन एवं स्वजातीय बंधुओं की सहमति पर उन्हें सेन समाज का युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी सविता, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय के प्रबंधक सौरभ यादव, जिला सचिव राजेश यादव जय गुरुदेव, सपा नगर अध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, रवि खटीक, जिपं सदस्य अमर विश्वकर्मा, विजय दयोदिया अध्यक्ष 15 पंचरत्न समाज, शोभराम सेन जिला अध्यक्ष सेन समाज एवं जिला की सेन समाज के लोग उपस्थित सौरभ सेन, खुशीलाल सेन, काशीराम सेन, एड. बलराम सेन, चक्रेश सेन शंकर सेन, देवराज सेन, रूपेंद्र सेन, नीरज सेन, अमन सेन प्रभु सेन बंट, रामकुमार सेन, आशीष सेन महरोनी, राजकुमार सेन महरोनी, मोनू सेन, आजाद सेन, पर्वत सेन अजनोरा, दीपक सेन मड़ावरा सहित भारी संख्या में समाजसेवी एवं स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

### नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई की

## अवैध खनन कर रही जेसीबी व डंपर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को नायब तहसीलदार घनेन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार ने जेसीबी मशीन व डंपर को मौके पर ही पकड़ कर सीज की कार्रवाई की गयी। बताया गया है कि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेशानुसार, अपर जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी के निर्देशन में अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द में नायब तहसीलदार के साथ राजस्व टीम द्वारा अवैध खनन कर रही जेसीबी डंपर को मौके पर पकड़ा एवं तुरंत कार्रवाई करते हुए खनिज एवं पुलिस विभाग को सुपुर्दगी करवायी गयी। अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई प्रचलित है। इसी क्रम में आगे भी अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

### रिजर्व पुलिस लाइंस में परेड की ग्रांड रिहर्सल की गई

## गणतंत्र दिवस की परेड का एसपी ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स में आगामी 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस को आयोजित होने वाली परेड की ग्रांड रिहर्सल का निरीक्षण किया। गणतन्त्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। एसपी ने पुलिस लाइन्स के वरिष्ठ अधिकारियों से 26 जनवरी के परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए अन्य सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कराये जाने हेतु क्षेत्राधिकारी, लाइन्स व प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स को गणतंत्र दिवस पर परेड को सुव्यवस्थित व सुसज्जित बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## वसंत पंचमी पर कवियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

वसंत पंचमी पर मां सरस्वतीजी का पूजन बड़े धूमधाम से कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही के प्रतिष्ठान पर किया गया। साथ ही कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती बंदना गीतकार अखलेश शांडिल्य ने कर काव्य संध्या की शुरुआत की। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुदेश सोनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि ब्रजमोहन संज्ञा व रविंद्र पाठक रहे। संचालन कवि वीरेंद्र विद्रोही ने किया। इस दौरान कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने नगर के ख्याति प्राप्त कवियों को शब्द साधक की उपाधि से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले रचनाकारों में कवि सुदेश सोनी, पंकज अंगार, महेश दर्पण, अखिलेश शांडिल्य, जनाब जहीर ललितपुरी को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर संम्मानित किया। इस दौरान ब्रजमोहन संज्ञा, सुदेश सोनी, रविंद्र पाठक, पंकज अंगार, महेश दर्पण, अखलेश शांडिल्य, शील शास्त्री, के.के. पाठक, जहीर ललितपुरी, आकाश जैन, संजय राजपूत, सुमित साहू की उपस्थिति सराहनीय रही।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# जय हिंद नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर फैली गंदगी की पहले साफ-सफाई की गई इसके बाद नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक प्रभावशाली वक्ता, दूरदर्शी नेता और महान देशभक्त थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### महान क्रांतिकारी थे सुभाषचंद्र बोसः प्रतापभानु शर्मा

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी थे, जिन्हें देश नेताजी के नाम से जानता है। उनका उद्घोष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा आज भी युवाओं में जोश और बलिदान की भावना जगाता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नेताजी के जीवन को साहस, त्याग और स्वतंत्रता के प्रति अटूट जुनून से परिपूर्ण बताया। कांग्रेस नेत्री अनुमा आचार्य ने कहा कि नेताजी उन विरले राष्ट्रनेताओं में से थे, जिनमें बौद्धिक गहराई और निडर कर्म का अद्भुत समन्वय था। गोविंद देवलिया ने नेताजी की प्रतिमा स्थापना में स्व. रघुवीर चरण शर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने किया उक्त जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर मलावर पुलिस की सख्त कार्रवाई

# अवैध एलपीजी किट लगी मारुति बैन में लाए जा रहे थे स्कूली बच्चे

### एलपीजी गैस से संचालित स्कूली वाहन जब्त, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले में कई जगह निजी स्कूलों के हालात यह है कि स्कूल प्रबंधन अपने फायदे के लिए मासूमों की जिंदगी भी दाव पद लगाकर पैसे कमाने में व्यस्त नजर आ रहे है। मामला लखनवास की आरोही एकेडमी का है जहां पर अवैध एलपीजी किट लगाकर मारूती बैन द्वारा मासूम बच्चों को स्कूल तक लाया व ले जाया जा रहा था।

जिस पर शुक्रवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं स्कूली वाहनों की सतत जाँच हेतु पुलिस अधीक्षक अमित सुमित तोलानी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनीश सिरोठिया के नेतृत्व में थाना मलावर पुलिस




टीम द्वारा स्कूली वाहनों की सघन जाँच की गई।



### जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एलपीजी किट लगी मिली

गुरूवार को दौराने स्कूली वाहन चेकिंग, ग्राम लखनवास स्थित आरोही एकेडमी विद्यालय के स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने हेतु उपयोग में लाई जा रही एक मारुति वैन क्रमांक एम.पी. 08 बी.ए. 0164 को चेक किया गया। जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एल.पी.जी. किट लगी पाई गई। मासूमों की जान पर खेलकर अपने फायदे के लिए इस तरह स्कूल चलाना कितना बैधानिक है यह स्कूल प्रबंधन को सोचना चाहिए।

### बिना दस्तावेज के चल रही थी मौत की मारुति

वाहन चालक अमृतलाल से वाहन के दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई, परंतु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका तथा मौके से फरार हो गया। वाहन के अंदर सीटों में अवैध परिवर्तन पाया गया एवं वाहन को एल.पी.जी. गैस से संचालित किया जा रहा था, जो स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर व खतरनाक है। उक्त मारुति वैन को जप्त कर थाना हाजा पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत इस्तगासा क्रमांक 01/26धारा 66/192, 52/182, 126/177, 130(1)/177, 130(3)/177, 146/196, 179(1), 51/177 एम.व्ही. एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई, जिसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### यह पुलिस कर्मी हुए शामिल

कार्रवाई में शामिल पुलिस बल उप निरीक्षक रजनेश सिरोठियासउनि मनोहर साहुसउनि युधिष्ठर शर्मा प्र.आर. ओमप्रकाश मीणाप्र.आर. देवीसिंह प्र.आर. रोडेलालआर. जीवन सिंहआर. विक्रम भीलथाना मलावर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।

## अंजुमन कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# एसआईआर कार्यक्रम में मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर




तहसील सारंगपुर के मुस्लिम बहुल वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यक्रम को लेकर गंभीर आपत्तियाँ सामने आई हैं। शुक्रवार को अंजुमन कमेटी शाही जामा मस्जिद सारंगपुर के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपते हुए मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप लगाया। ज्ञापन में कमेटी द्वारा बताया गया कि एआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी एकतरफा ढंग से आपत्तियाँ दर्ज की जा रही हैं। बिना ठोस प्रमाण, वैध दस्तावेज एवं भौतिक सत्यापन के केवल मुस्लिम मतदाताओं को लक्षित करते हुए नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जो निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के विपरीत है। कमेटी का आरोप है कि कई मामलों में मतदाताओं को बिना सूचना दिए ऑनलाइन आपत्तियाँ दर्ज कर दी गईं, जबकि संबंधित मतदाता को इसकी जानकारी तक नहीं है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है और आमजन में भय व असंतोष बन रहा है।

# घर में सो रही पत्नी पर पति ने किया कुल्हाड़ी से हमला

### कोतवाली थाने के ग्राम दिलावरा में हुई घटना, आरोपी फरार

**राजगढ़।** शराब के नशे में हैवान बने एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल हुई महिला को जिला चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर किया गया है। वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम दिलावरा निवासी देवसिंह तंवर अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी शैतानबाई उम्र 40 वर्ष के साथ झगड़ा करता रहता था। पति से परेशान शैतानबाई गुरुवार रात्रि बेटों के पास सो रही थी तभी देवसिंह आया और महिला पर कुल्हाड़ी से कईं वार कर दिए। कुल्हाड़ी के हमले में बुरी तरह लहुलुहान हुई शैतानबाई के चेहरे, सिर और आंख में गंभीर चोंटें आई। बेटे मुकेश तंवर द्वारा उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने भोपाल रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में निकली। मामले में जानलेवा हमले सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार देर शाम तक आरोपी का कोई पता नहीं लग पाया था।

# खेलों में नई पहचान दिलाने प्रदेश के 55 जिलों से गुजर रही है 'टार्च रैली'

### खेलो एमपी के तहत आयोजित हो रही है यह रैली




**राजगढ़।** शासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश का ओलंपिक 'खेलो एमपी' अंतर्गत प्रदेश के 55 जिलों से होकर गुजर रही खेलो एमपी टॉर्च रैली शुक्रवार को राजगढ़ जिले में पहुँची। मुख्यालय आगमन पर टॉर्च रैली का उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने टॉर्च को गर्व के साथ थामते हुए खेल भावना, अनुशासन और प्रदेश के गौरव का संदेश दिया। टॉर्च रैली के स्वागत के दौरान वातावरण खेलों के प्रति जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिया। संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर ने अपने संबोधन में कहा कि खेलो एमपी केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं को स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने का एक सशक्त अभियान है। इस पहल से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। टॉर्च रैली के माध्यम से जिले के युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ "खेलेगा मध्यप्रदेश, बढ़ेगा मध्य प्रदेश" का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

### जनहित में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**सारंगपुर।** राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथ्य में श्याम परिवार के सहयोग से अमलतास अस्पताल देवास द्वारा श्री बालाजी मैरिज गार्डन में जनहित में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वही श्री श्याम सेवा समिति सारंगपुर अध्यक्ष निलेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस शिविर में हृदय, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों का निःशुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे, खून पेशाब की जांच की गई। जिसमे नगर सहित हजारों ग्रामीण जनो ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल महेश पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे।

# श्री राम जानकी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन संपन्न



**कुरावर।** नगर में गुरुवार को बस स्टैंड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्ष के पावन अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर परिसर बस स्टैंड पर विशाल भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ। गुरुवार रात्रि 8 बजे महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन के पश्चात कानपुर से पधारी भजन गायिका दीपांशी तिवारी ने अपने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने पूरे बस स्टैंड परिसर को श्रीराम के भजनों से सराबोर कर दिया और माहौल भक्तिभाव से भर दिया। श्री राम जानकी मंदिर समिति ने कार्यक्रम की तैयारी कर पूरे बस स्टैंड परिसर को सजाया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और उन्होंने भजन संध्या का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्यों ने दीपांशी तिवारी को सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्यों ने किया।

# सालों बाद आसान हुई उद्धभव नगर के बाशिंदों की राह

### नपा ने डामरीकृत करवाई ऊबड़-खाबड़ सड़क



**राजगढ़।** सालों से ऊबड़-खाबड़ पड़ी सड़क के चलते काफी परेशानियां उठा रहे उद्धभव नगर के सैकड़ों बाशिंदों की राह अब कहीं जाकर आसान हो पाई है। दरअसल, नगर के वार्ड-15 स्थित उद्धभव नगर की मुख्य सड़क पर अनेकों स्थानों पर कहीं गड्ढे हो रहे थे तो कहीं समय-समय पर पाईप लाईनों की खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़क न केवल कॉलोनीवासियों बल्कि नगर के लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई थी। नगर पालिका में पारित हुए प्रस्ताव उपरान्त महाराष्ट्र कॉलोनी के समीप श्री खरे के मकान से संस्कृति होटल के सामने हाईवे तक सड़क को डामरीकृत करवाया गया है। हालांकि, खरला नाले की शुरूआत से ही इस सड़क को बनवाया जाना था। महज करीब दो सौ मीटर के हिस्से को बगैर डामरीकरण किए ही छोड़ दिया गया है। उधर, नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि उक्त छूटे पोर्सन का निर्माण भी अगले फेज में करवाया जाएगा।

### पीतांबरी फूलों से हुआ बाबा का श्रंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मालवा के खाटू धाम श्री श्याम मंदिर खूजनेर पर बसंत पंचमी पर्व पर बाबा श्याम का विशेष रूप से उज्जैन से बुलाये गए पीताम्बरी पुष्पों से श्रंगार किया गया बसंत पंचमी के दिन से विशेष रूप से बाबा श्याम का अंग वस्त्र बदला जाता हे और उस का वितरण श्याम भक्तों को होता है। दोपहर 12 बजे महाआरती हुई आरती की गई बाद विशेष रूप से शुद्ध घी से निर्मित पीताम्बरी कलर की बूंदी का वितरण किया गया बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहें।

# ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन व श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई गई

**कुरावर।** गुरुवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा नगर कुरावर में ऐतिहासिक हिन्दू सम्मेलन एवं श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू समाज ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु रामलला की भव्य और दिव्य शोभायात्रा से हुई, जो नगर में भ्रमण कर गल्ला मंडी पहुंची। शोभायात्रा में कृष्णा हायट्स स्कूल द्वारा भारत युग परिवर्तन, आदर्श स्कूल द्वारा श्री राम दरबार, लर्निंग टेम्पल पब्लिक स्कूल द्वारा भारत माता, शौर्य पब्लिक स्कूल द्वारा शिव परिवार और होली एंजेलस द्वारा झांसी की रानी की झांकी शामिल थी। गल्ला मंडी में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक श्री तरुण जमलिया और अजय वंशकार ने अपनी मंडली के साथ संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पधारे संत सुरेश शास्त्री, अनीता अरोड़ा और



ब्यावरा जिला प्रचारक दीपक तोमर ने सर्व हिंदू समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाशकीय अधिवक्ता मनोहर मंडलोई, समाजसेवी सुशीलादीदी, बहन अमित अरोड़ा और नगर करवा लीला किशन पाल ने भागवत आचार्यी सुरेश शास्त्री और दीपक तोमर का शाल श्रीफल देकर स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में कृष्ण हाइट्स स्कूल, चित्रांश पब्लिक स्कूल, कौशल्या देवी पब्लिक स्कूल और आदर्श पब्लिक स्कूल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

## पचोर में पटवारियों की कलेक्टर से नाराजगी

# बिना पक्ष जाने निलंबन न्यायसंगत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पचोर में शुक्रवार को पटवारियों ने कलेक्टर के हालिया निर्णयों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने बिना पक्ष सुने निलंबन किए जाने, वेतन काटने के आदेश और सार्थक एप के माध्यम से जीपीएस लोकेशन ट्रैकिंग को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन सौंपते समय पटवारी बनवारी गुप्ता और लालसिंह भिलाला ने बताया कि जिले में कई पटवारियों को बिना कारण बताए और बिना सुनवाई का अवसर दिए निलंबित कर दिया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि जीरापुर के ज्ञानसिंह अहिरवार, नरसिंहगढ़ के प्रमोद तिवारी, सुठालिया के कैलाश भिलाला, खिलचीपुर के देवेंद्र मीणा और सुठालिया की श्रृंखला परिहार को निलंबित किया गया है। वहीं पचोर तहसील के गोवर्धनप्रसाद नागर और ज्योति पांडे के वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसे पटवारियों ने पूरी तरह अन्यायपूर्ण बताया। पटवारियों ने मांग की कि संबंधित कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए, क्योंकि यह उनका मौलिक और न्यायिक अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई संगणना वर्ष 2015-16 तथा कृषि संगणना वर्ष 2010-11 और 2015-16 का लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग भी रखी।

### भीलवाड़ा से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक सारंगपुर में पकड़ाया

**सारंगपुर।** भीलवाड़ा से एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक को सारंगपुर पुलिस ने समय रहते बस स्टैंड से पकड़ लिया। आरोपी युवती के साथ कई बाहर जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस पूछताछ में युवक ने ऐसे खुलासे किए, जिन्हें सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे सारंगपुर बस स्टैंड पर पुलिस गश्त के दौरान एक युवक नाबालिग लड़की के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबराया और इधर-उधर होने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने युवक को रोका और सघन पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भीलवाड़ा (राजस्थान) से भगाकर साथ लाया है। थाना सारंगपुर पर नाबालिग से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वयं को ग्राम छाजवो का खेड़ा, थाना मांडल, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी बताया। इसके बाद भीलवाड़ा कंट्रोल रूम से संपर्क कर संबंधित थाने से जानकारी ली गई।

# शिशु मंदिर में सरस्वती पूजन के साथ हुआ विद्यारंभ संस्कार



**सुठालिया।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर यज्ञ हवन वेद पूजन के साथ हुआ छोटे भैया बहिनों का विद्यारंभ संस्कार। कार्यक्रम में शिशु वाटिका की बारह शैक्षिक व्यवस्थाएं क्रीड़ांगन,रंगमंच,बाल वाटिका, चिड़यिाघर,विज्ञान प्रयोगशाला,कला शाला आदि सजाई गई। शिशुओं ने माता के साथ यज्ञ में आहुति दी एवं पंडित ने मंत्र उच्चारण कर सभी शिशुओं से ओम एवं स्वास्तिक सिलेट पट्टी पर बनवाएं। नगर में ढोल ढामाको के साथ शोभायात्रा निकली गई जिसमें छोटे-छोटे भैया बहनों ने वेदों को सर पर रखा। शोभा यात्रा नगर के राम मंदिर में वेदों की पूजन कर शुरू हुई और नगर में मुख्य चैराहों से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ।शिशु वाटिका के निमित्त शिशुओ के लिए स्मार्ट कक्षा कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायण सिंह की पुत्र वधू पुष्पा पवांर,मुख्य वक्ता शिक्षिका रीना परमार,विशेष अतिथि पूजा शर्मा,विनीता साहू, सरिता पालीवाल, प्रीति चंदेल रही। कार्यक्रम संचालन सदी दीदी ने किया,आभार पूजा दीदी ने माना। सरस्वती पूजन में नगर की अनेक महिलाएं शिशु सम्मिलित हुए।

## बगैर सुनवाई का अवसर दिए हो रहे निलंबन पर जाहिर किया तीखा आक्रोष

# प्रशासनिक आदेशों के विरोध में पटवारी, तहसीलों में सौंपे ज्ञापन

### विभिन्न भुगतानों के लंबित होने सहित अन्य मांगें भी रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजस्व विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पटवारी प्रशासनिक आदेशों के विरोध में उतर आए हैं। दरअसल, बीते दिनों कुछ पटवारियों के निलंबन प्रशासन द्वारा किया गया था। उक्त कार्यवाहियों को न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के प्रतिकूल करार देते हुए एवं अपनी अन्य मांगों को लेकर मुख्यालय सहित जिले की विभिन्न तहसीलों में पटवारी संघ द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जिले में पदस्थ पटवारियों को बिना सूचना दिए अकारण ही निलंबित किया जा रहा है। गत दिवस ज्ञानसिंह अहिरवार जीरापुर, प्रमोद तिवारी नरसिंहगढ़, कैलाश भिलाला सुठालिया, देवेंद्र मीणा खिलचीपुर, श्रृंखला परिहार सुठालिया को भी निलंबन के नोटिस जारी किए गए जिनमें न्यायसंगत सुनवाई का अभाव रहा है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि पर्याप्त सुनवाई का अधिकार प्राकृतिक न्याय का एक मौलिक सिद्धांत है जिसके तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई निर्णय लेने से पूर्व पक्ष



रखने का उचित अवसर दिया जाए। यह निष्पक्ष प्रक्रिया का हिस्सा है।

### ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर भी जताया विरोध

पटवारी संघ सार्थक एप पर दर्ज की जाने वाली ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर भी रजामंद नहीं हैं। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि सर्वप्रथम पटवारियों का कार्यक्षेत्र निश्चित किया जाए कि वे फील्ड कर्मचारी हैं या कार्यालयीन कर्मचारी हैं। यदि फील्ड कर्मचारी हैं तो सार्थक एप पर उपस्थिति की बाध्यता समाप्त की जाए। पटवारियों को अन्य विभाग के कार्यों के साथ लाइरन आर्डर की ड्यूटी की ड्यूटी एवं अन्य हल्कों में सीमांकन, रास्ता विवाद, अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों में भी लगाया जाता है, ऐसे में सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज किया जाना संभव नहीं है।

### भुगतानों से संबंधित मांगों का भी किया उल्लेख

पटवारी संघ ने विभिन्न परियोजनाओं में पटवारियों से करवाए गए कार्यों के लंबित भुगतानों के भी शीघ्र भुगतान की मांग रखी है। लघु सिंचाई परियोजा वर्ष 2015-16, कृषि संगणना वर्ष 2010-11 एवं 2015-16 की राशि का भुगतान पटवारियों को इतने वर्षों उपरान्त भी नहीं किया गया है। इसके साथ जिले में स्वामित्व योजना का कार्य लगभग पूर्ण होने के बाद भी प्रत्येक पटवारी का 7500 रुपए का भुगतान अटका हुआ है।

### ज्ञापन में यह भी रखी मांगें

पटवारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में फार्मर आईडी बनाने में आ रही तकनीकी समस्याओं, आधार ई-केवायसी कार्य में आ रही विभिन्न टेक्निकल व अन्य दिक्कतों के बारे में भी विस्तार से अपनी बात रखी गई। इसके साथ ही सार्थक एप से जीपीएस लोकेशन साझा होने से निजता सार्वजनिक होने के खतरे का उल्लेख भी ज्ञापन में किया गया है।